सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—cm-230
20/05/2017

मुख्यमंत्री के समक्ष कृषि रोड मैप का हुआ प्रस्तुतीकरण

पटना, 20 मई 2017 :— मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के समक्ष आज मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद सभाकक्ष में कृषि रोड मैप 2017—2022 का प्रस्तुतीकरण कृषि रोड मैप से जुड़े विभागों द्वारा प्रस्तुत किया गया। कृषि रोड मैप के प्रस्तुतीकरण में 2012—2017 के रोड मैप के लक्ष्य एवं उपलब्धियों के प्रस्तुतीकरण के साथ—साथ 2017—2022 के लक्ष्य के संबंध में विस्तार से प्रस्तुती दी गयी।

कृषि, पशु एवं मत्स्य संसाधन, सहकारिता, जल संसाधन, लघु जल संसाधन, ऊर्जा, पर्यावरण एवं वन, उद्योग, गन्ना उद्योग, ग्रामीण कार्य, राजस्व एवं भूमि सुधार तथा खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभागों द्वारा अलग—अलग कृषि रोड मैप 2017—2022 के संबंध में अपनी विस्तृत प्रस्तुती मुख्यमंत्री के समक्ष दी। मुख्यमंत्री ने लगभग साढ़े चार घंटे तक कृषि रोड मैप के संबंध में इससे जुड़े विभागों द्वारा दी गयी प्रस्तुती की समीक्षा की तथा बिन्दुवार विस्तृत दिशा—निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि रोड मैप 2012—2017 के कार्यान्वयन में जिन बिन्दुओं पर कठिनाई हुयी है, उनका विस्तृत रूप से विश्लेषण किया जाना चाहिये ताकि 2017—2022 के कृषि रोड मैप के क्रियान्वयन में उन कठिनाइयों को दूर किया जा सके।

मुख्यमंत्री ने कृषि रोड मैप के प्रस्तुतीकरण के अवलोकन के क्रम में कहा कि सब्जियों के उत्पादन में ऑर्गेनिक फार्मिंग को बढ़ावा दें और इसे प्राथमिकता दी जाय। उन्होंने कहा कि ऑर्गेनिक फार्मिंग के लिये कृषि विभाग को अपनी मानसिकता बनानी चाहिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि रोड मैप का ड्राफ्ट पब्लिकेशन के पश्चात जून के अंतिम सप्ताह में पटना के ज्ञान भवन में राज्य के सभी जिलों के किसानों का किसान समागम कराया जाय और उनके सुझाव भी प्राप्त किये जायें। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही कृषि रोड मैप पर सुझाव देने हेतु लोक संवाद का भी आयोजन किया जायेगा। कृषि रोड मैप पर सुझाव देने हेतु लोक संवाद के आयोजन की तिथि की घोषणा समाचार—पत्रों के माध्यम से दी जायेगी।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री श्री अशोक चौधरी, जल संसाधन मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, कृषि मंत्री श्री रामविचार राय, ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री श्री अवधेश कुमार सिंह, पंचायती राज मंत्री श्री कपिलदेव कामत, ग्रामीण कार्य मंत्री श्री शैलेश कुमार, आपदा प्रबंधन मंत्री श्री चन्द्रशेखर, गन्ना उद्योग मंत्री श्री खुर्शीद उर्फ फिरोज अहमद, मुख्यमंत्री के पूर्व कृषि सलाहकार डॉ0 मंगला राय, मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, विकास आयुक्त श्री शिशिर सिन्हा, प्रधान सचिव कृषि श्री सुधीर कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, कृषि रोड मैप से जुड़े सभी विभागों के प्रधान सचिव/सचिव तथा कृषि रोड मैप से जुड़े विभागों के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******